## जल शक्ति मंत्रालय

## (जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग)

नई दिल्ली , 23 नवम्बर, 2020

**सा.का.नि. 183.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड (**अधिकारी सर्वेक्षक** ) भर्ती नियम,1973, उन बातो के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हे ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग,केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड,में अधिकारी सर्वेक्षक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड, अधिकारी सर्वेक्षक, भर्ती नियम, 2020 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर .**— उक्त पदो की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनका वेतन मैट्रिक्स में स्तर या वेतनमान वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूचि के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि.**— उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वें होगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट है।\

**4. निरर्हता** – वह व्यक्ति –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5. शिथिल करने की शक्ति .**— जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हे लेखबद्ध करके, **तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके** ,इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6. व्यावृत्ति-** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नही डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, **अन्य पिछड़ें वर्गो** , भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

| पद का नाम | पदो की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन पद है अथवा अचयन पद। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियो के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| अधिकारी सर्वक्षेक | 16*<br>(2020)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा,समूह'ख', राजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7<br>(44900-142400 रु.) | चयन पद। | लागू नहीं होता। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अहर्ताएं | सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अहर्ताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी | परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो | **भर्ती की पद्धति** : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति / आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियो की प्रंतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा |

| प्रोन्नति / प्रतिनियुक्ति / आमेलन द्वारा भर्ती दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति प्रतिनियुक्ति / आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियो में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 |
| **प्रोन्नति द्वारा :** ऐसा सर्वेक्षक जिसने वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 (35400-112400 रु.) में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ उस श्रेणी में सिविल इंजीनियरी या खनन इंजीनियरी में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविधालय या संस्थान से कम से कम डिप्लोंमा रखता हो और जिसने राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिगत जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर से चार सप्ताह का प्रवेश स्तर प्रशिक्षण सफलतापुर्वक पूरा किया हो।<br>**टिप्पण :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंनें अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जायेगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।<br>प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) :<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान या स्वायत्त या कानूनी संगठन के | **समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबध मे विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-**<br>1. अध्यक्ष, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड , जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग - अध्यक्ष<br>2. निदेशक (प्रशासन ), केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग - सदस्य<br>3 वैज्ञानिक 'घ' केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड , जल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग - सदस्य | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| अधीन अधिकारी :<br>(क) (i) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है ; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 (35400 – 112400 रु ) में नियमित आधार पर पाँच वर्ष सेवा की हो ; और<br>(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव रखता हो :<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सिविल इंजीनियरी या खनन इंजीनियरी में बैचलर डिग्री ; और<br>(ii) सर्वेक्षण में कम से कम दो वर्ष का अनुभव।<br>**टिप्पण** 1. प्रतिनियुक्ति या संविदा की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण** 2. पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । | | |

[फा.सं. ए. 31012/12/2017- सी.जी.डबल्यू.बी]

एस, के .कटारिया, अवर सचिव

**MINISTRY OF JAL SHAKTI**

**(Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation)**

New Delhi, the 23rd November, 2020

**G.S.R. 183.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Central Ground Water Board (Officer Surveyor) Recruitment Rules, 1973, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Officer Surveyor in the Central Ground Water Board, Ministry of Jal Shakti, Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation, namely:-

**1. Short title and commencement.**— (1) These rules may be called the Ministry of Jal Shakti, Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation, Central Ground Water Board, Officer Surveyor Recruitment Rules, 2020.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of posts, classification and level in pay matrix.**—The number of the post, its classification level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in column (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.**—The method of recruitment, age- limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

**4. Disqualifications.**—No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person;

shall be eligible for appointment to the said post;

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-Service men, and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age -limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Officer Surveyor | 16 *(2020)<br>*Subject to variation dependent on workload | General Central Service , Group 'B',<br>Gazetted,<br>Non-ministerial | Level -7 (Rs.44900-142400/-) in the pay matrix | Selection post | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruitment | Whether age and educational qualification prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of Probation, if any | Method of recruitment whether by direct or by promotion or deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various method |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | By promotion failing which deputation (including short-term contract). |

| In case of recruitment by promotion or deputation / absorption grade from which promotion or deputation / absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **By promotion:**<br>Surveyor in level-6 (Rs.35400-112400/-) in the pay matrix with five | **Group-B Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:** | Consultation with Union Public Service Commission is not necessary. |

| | | |
|---|---|---|
| years regular service in the grade possessing at least a Diploma in Civil Engineering or Mining Engineering from a recognized University or Institute and having successfully completed four weeks induction level training from Rajiv Gandhi National Ground Water Training and Research Institute, Raipur.<br><br>**Note :** Where juniors who have completed their qualifying/ eligibility service are being considered for promotion, their seniors should also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade alongwith their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.<br><br>Deputation (including short-term contract):<br><br>Officers under the Central Government or State Government or Union territories or Public Sector Undertaking or recognised Universities or Research Institutions or Autonomous or Statutory Organisations:<br><br>(a)(i) holding analogous posts on a regular basis in the parent cadre or department; or<br><br>(ii) with five years regular service in the posts in the level-6 (Rs.35400-112400/-) in pay matrix in the parent cadre or department; and<br><br>(b) Possessing the following educational qualifications and experience:<br><br>(i) Bachelors Degree in Civil Engineering or Mining Engineering from a recognized University or Institute; and<br><br>(ii) At least two years experience in Surveying.<br><br>**Note 1:** Period of deputation or contract including period of deputation in another post held immediately preceding this appointment in the same organization or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The Maximum age -limit for appointment by deputation shall not be exceeding fifty six years as on the closing date of receipt of applications. | 1. Chairman, Central Ground Water Board, Ministry of Jal Shakti, Department of Water Resources and Ganga Rejuvenation.- Chairman;<br><br>2.Director (Administration) Central Ground Water Board, Ministry of Jal Shakti, Department of Water Resources and Ganga Rejuvenation. - Member;<br><br>3. Scientist 'D', Central Ground Water Board, Ministry of Jal Shakti, Department of Water Resources and Ganga Rejuvenation. - Member. | |

| | | |
|---|---|---|
| **Note 2:** The departmental officer in the feeder category who are in the direct line of promotion will not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. | | |

[F.No.A.31012/12/2017-CGWB]
S.K. KATARIA, Under Secy.

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 2020

**सा.का.नि. 184.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड (ज्येष्ठ तकनीकी सहायक (सर्वेक्षण ), भर्ती नियम,1980 को और केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड(समूह 'ग'और समूह 'घ' पद) भर्ती नियम,1968 उन बातो के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हे ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है, या करने का लोप किया गया है, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग,केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड में **सर्वेक्षक** पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ .—** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जल शक्ति मंत्रालय ,जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड,सर्वेक्षक भर्ती नियम, 2020 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर .—**पद की संख्या, उसका वर्गीकरण, और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि .—** भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वें होगी जो **उक्त / पूर्वोक्त** अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट है।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति –

   (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है;या

   (ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, **तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके** ,इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नही डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, **अन्य पिछड़ें वर्गो** , भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।